आत्मनिर्भर भारत में महिला उद्यमियों की विशेष भूमिका है। मेरी सरकार ने महिलाओं को स्वरोज़गार के नए अवसर देने के लिए कई कदम उठाए हैं। मुद्रा योजना के तहत अब तक 25 करोड़ से ज्यादा ऋण दिए जा चुके हैं,जिसमें से लगभग 70 प्रतिशत ऋण महिला उद्यमियों को मिले हैं।

दीनदयाल अंत्योदय योजना - राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत देश में आज 7 करोड़ से अधिक महिला उद्यमी करीब 66 लाख स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी हुई हैं। बैंकों के माध्यम से इन महिला समूहों को पिछले 6 वर्षों में 3 लाख 40 हजार करोड़ रुपए का ऋण दिया गया है।

देश के ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यरत महिलाओं के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए सरकार एक रुपए में 'सुविधा' सैनिटरी नैपकिन देने की योजना भी चला रही है। सरकार गर्भवती महिलाओं के मुफ्त चेक-अप की मुहिम एवं राष्ट्रीय पोषण अभियान चलाकर, उन्हें आर्थिक मदद देकर,गर्भवती माताओं एवं शिशुओं के स्वास्थ्य की रक्षा के लिए निरंतर प्रयत्नशील है। इसी का परिणाम है कि देश में मातृ मृत्यु दर 2014 में प्रति लाख 130 से कम होकर 113 तक आ गयी है। पांच वर्ष से कम आयु के बच्चों की मृत्यु दर भी पहली बार घटकर 36 तक आ गई है,जो वैश्विक दर 39 से कम है।

महिलाओं की समान भागीदारी को आवश्यक मानने वाली मेरी सरकार नए-नए क्षेत्रों में बहनों-बेटियों के लिए नए अवसर बना रही है। भारतीय वायुसेना की फाइटर स्ट्रीम हो, मिलिट्री पुलिस में महिलाओं की नियुक्ति हो, या फिर अंडर ग्राउंड माइन्स में तथा ओपन कास्ट माइन्स में महिलाओं को रात्रि में कार्य करने की अनुमति,ये सभी निर्णय पहली बार मेरी सरकार ने ही लिए हैं। महिला सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए वन स्टॉप सेंटर, अपराधियों का राष्ट्रीय डेटाबेस, इमरजेंसी रिस्पॉन्स सपोर्ट सिस्टम और देश भर में फास्ट ट्रैक कोर्ट पर तेज़ी से काम किया गया है।

माननीय सदस्यगण, 21वीं सदी की वैश्विक आवश्यकताओं और चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए सरकार ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति की घोषणा की है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति में पहली बार छात्रों को अपनी रुचि के हिसाब से विषय पढ़ने की आजादी दी गई है। किसी कोर्स के बीच में भी विषय और स्ट्रीम बदलने का विकल्प युवाओं को दिया गया है।

मेरी सरकार ने प्रधानमंत्री ई-विद्या के अंतर्गत,स्कूली शिक्षा के लिए दीक्षा ऑनलाइन पोर्टल को वन नेशन,वन डिजिटल प्लेटफॉर्म के रूप में विकसित किया है। विद्यार्थियों के हितों के लिए संवेदनशील मेरी सरकार ने जेईई और नीट परीक्षाओं का भी सफल आयोजन कर उनका एक साल व्यर्थ होने से बचाया है।

माननीय सदस्यगण, मेरी सरकार का मानना है कि सबसे ज्यादा वंचित वर्गों की सामाजिक और आर्थिक विकास की यात्रा, गुणवत्ता युक्त शिक्षा से आरंभ होती है। सरकार की विभिन्न छात्रवृत्ति योजनाओं का लाभ ऐसे ही 3 करोड़ 20 लाख से ज्यादा विद्यार्थियों को मिल रहा है। इनमें अनुसूचित जाति,पिछड़ा वर्ग,वनवासी एवं जनजातीय वर्ग और अल्पसंख्यक समुदाय के छात्र-छात्राएं शामिल हैं। सरकार का प्रयास है कि ज्यादा से ज्यादा पात्र और ज़रूरतमंद विद्यार्थियों को छात्रवृत्तियों का लाभ मिले। इसके साथ ही,अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों को दी जाने वाली पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति में केंद्र सरकार के हिस्से को भी बढ़ाया जा रहा है। इसी प्रकार जनजातीय युवाओं की शिक्षा के लिए हर आदिवासी बहुल ब्लॉक तक एकलव्य आवासीय मॉडल स्कूल के विस्तार का काम किया जा रहा है। अब तक इस प्रकार के साढ़े पांच सौ से ज्यादा स्कूल स्वीकृत किए जा चुके हैं।

शिक्षा के साथ साथ नौकरी की प्रक्रियाएं आसान करने और व्यवस्थित करने पर भी मेरी सरकार का जोर है। ग्रुप सी और ग्रुप डी में इंटरव्यू समाप्त करने से युवाओं को बहुत लाभ हुआ है। सरकार ने नेशनल रिक्रूटमेंट एजेंसी का गठन करके नौजवानों को नियुक्ति के लिए कई अलग-अलग परीक्षाएं देने की परेशानी से मुक्त किया है।

माननीय सदस्यगण, मेरी सरकार 'सबका साथ,सबका विकास,सबका विश्वास' के मंत्र के साथ देश के हर क्षेत्र और हर वर्ग के विकास को प्राथमिकता दे रही है। दिव्यांगजनों की मुश्किलों को कम करने के लिए देशभर में हजारों इमारतों को,सार्वजनिक बसों और रेलवे को सुगम्यो बनाया गया है। लगभग 700 वेबसाइटों को दिव्यांगजनों के अनुकूल तैयार किया गया है। इसी तरह ट्रांसजेंडर व्यक्तियों को भी बेहतर सुविधाएं और समान अवसर देने के लिए TRANSGENDER PERSONS (PROTECTION OF RIGHTS) ACT लागू किया गया है IDENOTIFIED,NOMADIC एवं SEMI-NOMADIC COMMUNITIESयानि विमुक्त, घुमंतू और अर्ध घुमंतू समुदायों के लिए भी विकास एवं कल्याण बोर्ड की स्थापना की गई है।

विकास की दौड़ में पीछे रह गए देश के 112 आकांक्षी जिलों में मेरी सरकार प्राथमिकता के आधार पर विकास योजनाओं को लागू कर रही है। इसका बहुत बड़ा लाभ आदिवासी भाई-बहनों को हो रहा है। आदिवासियों की आजीविका के प्रमुख साधन यानि वन-उपज की मार्केटिंग और वन-उपज आधारित छोटे उद्योगों की स्थापना का काम भी जारी है। ऐसी कोशिशों से लगभग

600 करोड़ रुपए की अतिरिक्त राशि जनजातीय परिवारों तक पहुंची है। सरकार द्वारा 46 वन-उपजों पर MSP, 90 प्रतिशत तक बढ़ाई गई है।

माननीय सदस्यगण, आधुनिक टेक्नोलॉजी का भारत में विकास और हर भारतीय की आधुनिक टेक्नोलॉजी तक आसान पहुंच, आत्मनिर्भर बनते भारत की अहम पहचान है।

दो गज की दूरी की अनिवार्यता के बीच,देश की संस्थाओं और नागरिकों ने डिजिटल इंडिया की ताकत से देश की रफ्तार को थमने नहीं दिया।पिछले वर्ष दिसंबर में UPI से 4 लाख करोड़ रुपए से भी अधिक का डिजिटल पेमेंट हुआ है। आज देश के 200 से ज्यादा बैंक UPI व्यवस्था से जुड़े हैं। इसी तरह,डिजिलॉकर का, 400 करोड़ से अधिक डिजिटल डॉक्युमेंट्स के लिए,पेपरलेस प्लेटफ़ार्म की तरह उपयोग किया जा रहा है। उमंग ऐप पर भी देश के करोड़ों नागरिक 2 हजार से ज्यादा सेवाओं का लाभ ले रहे हैं। देश में साढ़े 3 लाख से अधिक कॉमन सर्विस सेंटर ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को सरकारी सेवाओं से जोड़ रहे हैं। इसी क्रम में, INDIAN STAMP ACT में संशोधन करके अब देश में E-STAMP की व्यवस्था भी लागू कर दी गई है।

जनधन खातों,आधार और मोबाइल की त्रिशक्ति ने लोगों को उनका अधिकार सुनिश्चित किया है। इस JAM त्रिशक्ति की वजह से, एक लाख अस्सी हजार करोड़ रुपए गलत हाथों में जाने से बच रहे हैं।

मेरी सरकार द्वारा 'राष्ट्रीय डिजिटल हेल्थ मिशन' के जरिए चिकित्सा सेवाओं को डिजिटल बनाने की शुरुआत भी की गई है। इसके माध्यम से आने वाले समय में देश के नागरिक डिजिटल अपाइंटमेंट,डिजिटल रिपोर्ट के साथ साथ DIGITAL HEALTH RECORD जैसी सुविधाओं का लाभ उठा सकेंगे।

हमारा अपना NAVIGATION SATELLITE SYSTEM – नाविक भी आज भारत का गौरव बढ़ा रहा है। इसका लाभ अब हजारों मछुआरे साथियों को मिल रहा है। हाल में नेशनल एटॉमिक क्लॉक और भारतीय निर्देशक द्रव्य प्रणाली के रूप में नए मानक भी राष्ट्र को समर्पित किए गए हैं। इन स्वदेशी समाधानों से भारत के प्रोडक्ट्स को अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप बनाने में मदद मिलेगी।

टेक्नॉलॉजी का यह अभियान देश की लोकतांत्रिक संस्थाओं को भी सशक्त कर रहा है। इस दिशा में राष्ट्रीय 'ई-विधान ऐप' के जरिए देश की सभी विधानसभाओं,विधानपरिषदों और संसद के दोनों सदनों का डिजिटलीकरण किया जा रहा है। राज्य विधानसभाओं में NATIONAL

E-VIDHAN APPLICATION यानि 'नेवा' का कार्यान्वयन, विधायी और लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं के संचालन में एक नए युग की शुरुआत करेगा।

माननीय सदस्यगण, हमारी संसद,लोकतन्त्र में देशवासियों की बढ़ती हुई भागीदारी और नए भारत की आकांक्षाओं की पूर्ति का एक महत्वपूर्ण माध्यम है। पहले की सरकारों में तथा संसद के सदनों में यह बात उठती रही है कि संसद की यह इमारत,हमारी वर्तमान आवश्यकताओं को पूरा करने में अपर्याप्त सिद्ध हो रही है। संसद की नई इमारत को लेकर पहले की सरकारों ने भी प्रयास किए थे। यह सुखद संयोग है कि आजादी के 75वें वर्ष की तरफ बढ़ते हुए हमारे देश ने, संसद की नई इमारत का निर्माण शुरू कर दिया है। नए संसद भवन के बनने से अपने संसदीय दायित्वों को निभाने में हर सदस्य को अधिक सुविधा मिलेगी।

माननीय सदस्यगण, देशवासियों ने जिस तेज़ी से तकनीक और बदलाव को आत्मसात किया है,वह इस बात का प्रमाण है कि आज हर भारतीय,देश को नई ऊंचाई पर पहुंचते हुए देखने के लिए कितना आतुर है। देशवासियों की आकांक्षाओं को ध्यान में रखते हुए मेरी सरकार तेज़ी से निर्णय ले रही है और अर्थव्यवस्था से जुड़े हर सेक्टर में ऐसे सुधार कर रही है जिनकी प्रतीक्षा वर्षों से थी।

फेसलेस टैक्स असेसमेंट और अपील की सुविधा देने के साथ ही मेरी सरकार ने देश में उद्यमशीलता को प्रोत्साहित करने के लिए कंपनी अधिनियम के अनेक प्रावधानों को गैर-आपराधिक बना दिया है। उद्योगों को ज़रूरी सुविधाएं मिल सकें इसके लिए औद्योगिक क्षेत्रों का, GIS तकनीक पर आधारित डेटाबेस तैयार किया गया है। इस डेटाबेस में देशभर की लगभग 5 लाख हेक्टेयर औद्योगिक भूमि से जुड़ी जानकारी उपलब्ध है।

मुझे खुशी है कि संसद के दोनों सदनों ने श्रमेव जयते की भावना पर चलते हुए श्रमिकों के जीवन में बदलाव लाने वाला निर्णय लिया है। 29 केंद्रीय श्रम कानूनों को कम करके 4 लेबर कोड बनाए हैं। इन श्रम सुधारों में राज्यों ने भी अगुवाई की है। इन सुधारों से श्रम कल्याण का दायरा बढ़ेगा, श्रमिकों को निश्चित समय पर मज़दूरी मिल पाएगी और रोज़गार के ज्यादा अवसर तैयार होंगे। नए लेबर कोड हमारी महिला श्रमिकों की अधिक और सम्मानजनक भागीदारी भी सुनिश्चित करते हैं।

उद्योगों के लिए,श्रम के साथ-साथ,आसान पूंजी भी बहुत आवश्यक है। इसके लिए देश के बैंकिंग सिस्टम को सशक्त किया जा रहा है। देश में बड़े और शक्तिशाली बैंकों के निर्माण के लिए छोटे बैंकों का आपस में विलय भी इसी दिशा में उठाया गया कदम है।

मैन्युफेक्चरिंग से जुड़े 10 सेक्टर्स के लिए पहली बार देश में लगभग डेढ़ लाख करोड़ रुपए की प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव स्कीम लागू की गई है। इसका लाभ इलेक्ट्रॉनिक्स सहित अनेक दूसरे सामान की मैन्युफेक्चरिंग में दिखने भी लगा है। देश और विदेश की अनेक बड़ी कंपनियों ने भारत में इन योजनाओं के तहत काम शुरु कर दिया है।

मेरी सरकार, भारत में बने सामान के उपयोग के लिए जन-भागीदारी को प्रोत्साहित कर रही है। आज वोकल फॉर लोकल देश में जन-आंदोलन का रूप ले चुका है। भारत में बने सामान के प्रति भावनात्मक लगाव के साथ ही गुणवत्ता में भी वे श्रेष्ठ हों, इस दिशा में काम किया जा रहा है।

देश में EASE OF DOING BUSINESS में सुधार के लिए भी निरंतर कदम उठाए जा रहे हैं। इसके लिए राज्यों के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को प्रोत्साहित किया जा रहा है। यह बड़े हर्ष की बात है कि रैंकिंग में सुधार की गंभीरता को राज्य भी समझ रहे हैं और इसमें बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं।

कोरोना के इस काल में, प्रत्येक भारतीय का जीवन बचाने के प्रयासों के बीच अर्थव्यवस्था को जो हानि हुई थी, उससे भी अब देश उबरने लगा है। यह आज अनेक इंडिकेटर्स के माध्यम से स्पष्ट हो रहा है। इस मुश्किल समय में भी भारत दुनिया के निवेशकों के लिए आकर्षक स्थान बनकर उभरा है। अप्रैल से अगस्त, 2020 के बीच लगभग 36 अरब डॉलर का रिकॉर्ड प्रत्यक्ष विदेशी निवेश भारत में हुआ है।

माननीय सदस्यगण, मेरी सरकार मानती है कि देश में आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर का निर्माण, नए और आत्मनिर्भर भारत के लिए मजबूत नींव का काम करेगा। कोरोना काल में भी इंफ्रास्ट्रक्चर के अनेक बड़े प्रोजेक्ट्स पर तेज़ी से काम होना और उनका पूरा होना, हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। चेन्नई से पोर्ट ब्लेयर तक सबमरीन ऑप्टिकल फाइबर केबल हो, अटल टनल हो या फिर चार धाम सड़क परियोजना, हमारा देश विकास के कार्यों को आगे बढ़ाता रहा।

कुछ दिन पहले ही पूर्वी और पश्चिमी डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर के सेक्शंस, देश को समर्पित किए गए हैं। ये फ्रेट कॉरिडोर पूर्वी भारत में औद्योगीकरण को प्रोत्साहन देने के साथ ही रेल यात्रा में होने वाली अनावश्यक देरी को भी कम करेंगे।

देश के इंफ्रास्ट्रक्चर को आधुनिक रूप देने के लिए मेरी सरकार 110 लाख करोड़ रुपए से अधिक की NATIONAL INFRASTRUCTURE PIPELINEपर भी काम कर रही है। साथ ही, भारतमाला परियोजना के पहले चरण में छह नए एक्सप्रेस-वे और18 नए एक्सेस कंट्रोल्ड कॉरिडोर्स का निर्माण चल रहा है।

गुजरात के हजीरा और घोघा के बीच शुरू की गई रो-पैक्स फेरी सेवा हो या फिर केवड़िया और साबरमती रिवर फ्रंट के बीच सी-प्लेन सेवा,ये भारत में वॉटर ट्रांसपोर्ट को नया आयाम दे रहे हैं। दुनिया की सबसे ऊंची सरदार पटेल की प्रतिमा का गौरव अपने साथ रखने वाले केवड़िया से अब देश के अनेक शहरों से सीधे ट्रेनें भी चलने लगी हैं।

माननीय सदस्यगण, देश को GAS BASED ECONOMY बनाने के लिए गैस कनेक्टिविटी पर भी तेज गति से काम किया जा रहा है। कुछ दिनों पहले ही कोच्चिए-मैंगलुरू गैस पाइपलाइन का लोकार्पण किया गया है। डोभी-दुर्गापुर गैस पाइपलाइन का निर्माण 'ऊर्जा गंगा' का प्रवाह बढ़ा रहा है । यह पाइपलाइन पश्चिम बंगाल तक जाएगी और पूर्वी भारत के विभिन्ने उद्योगों,विशेषकर खाद कारखानों को, गैस उपलब्ध कराएगी । इसी तरह तमिलनाडु के खाद कारखाने और अन्यउ औद्योगिक इकाइयों को गैस पाइपलाइन से जोड़ने के लिए तूतीकोरीन-रामनाथपुरम् गैस पाइपलाइन पर तीव्र गति से कार्य चल रहा है।

माननीय सदस्यगण, मेरी सरकार देश में शहरीकरण के विकास को एक अवसर के रूप में देखती है, इसलिए शहरी इंफ्रास्ट्रक्चर पर व्यापक निवेश किया जा रहा है। शहरों में गरीबों के लिए स्वीकृत एक करोड़ से अधिक घरों में से करीब 40 लाख का निर्माण पूरा हो चुका है। कुछ दिन पहले देश के 6 शहरों में आधुनिक टेक्नॉलॉजी आधारित घर बनाने का काम भी शुरु किया गया है। शहरों में काम करने वाले श्रमिकों को बेहतर आवास मिल सकें इसके लिए उचित किराए वाली योजना भी शुरु की गई है।

शहरों में कनेक्टिविटी से जुड़ा इंफ्रास्ट्रक्चर भी सरकार की प्राथमिकता है। आज देश के 27 शहरों में मेट्रो सेवा के विस्तार के लिए काम चल रहा है। कुछ दिन पहले ही दिल्ली मेट्रो के एक रूट पर ड्राइवरलेस मेट्रो का परिचालन भी किया गया । शहरों में REGIONAL RAPID TRANSIT SYSTEMS के निर्माण से भी पब्लिक ट्रांसपोर्ट को बेहतर बनाया जा रहा है। कॉमन मोबिलिटी कार्ड के देशभर में हो रहे विस्तार से देश के शहरों में यात्रा और आसान होगी।

माननीय सदस्यगण, मेरी सरकार पूर्वी भारत के संपूर्ण और संतुलित विकास के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। पूर्वोत्तर की भौगोलिक,सांस्कृतिक,भाषाई विशेषताओं और सामाजिक पहचान को सुरक्षित रखते हुए तेज़ विकास की नीति पर काम किया जा रहा है। ब्रह्मपुत्र नदी असम सहित

उत्तर-पूर्वी राज्यों की 'जीबोनधारा' है । इसी जीवनधारा को आर्थिक गतिविधियों का आधार बनाकर विभिन्न राष्ट्रीय जलमार्गों के आरंभ के लिए काम हो रहा है । इसका लाभ पूर्वोत्तर के किसानों,युवाओं और उद्यमियों,सभी को होगा । 'अर्थ ब्रह्मपुत्र' प्रोग्राम से 'इंटीग्रेटेड नेशनल वाटरवेज' का विकास कर,ब्रह्मपुत्र और बराक नदी को विकास की धारा बनाने का प्रयास जारी है।

मेरी सरकार ने पूर्वोत्तर में स्थाई शांति के लिए संवेदनशीलता और सहभागिता की जिस नीति के साथ काम किया उसका लाभ आज साफ दिख रहा है। आज पूर्वोत्तर में उग्रवाद समाप्ति की ओर है और हिंसा की घटनाओं में बड़ी कमी आई है । हिंसा के रास्ते पर भटके युवा अब विकास और राष्ट्र-निर्माण की मुख्यधारा में लौट रहे हैं।

ब्रू शरणार्थियों के पुनर्वास को शांति और सौहार्द के साथ पूरा किया जा रहा है। इसी प्रकार ऐतिहासिक बोडो शांति समझौता भी हुआ है, जिसे सफलता-पूर्वक लागू किया गया है । समझौता होने के बाद इस बार बोडो टैरीटोरियल काउंसिल के चुनाव भी सफलता के साथ पूरे हुए हैं।

माननीय सदस्यगण, मेरी सरकार देश की एकता और अखंडता को चुनौती देने वाली ताकतों से निपटने के लिए हर स्तर पर प्रयासरत है । एक तरफ जहां हिंसा प्रभावित क्षेत्रों में विकास को बढ़ावा दिया जा रहा है वहीं दूसरी तरफ हिंसा फैलाने वाली ताकतों पर कड़ाई बरती जा रही है। इसी का परिणाम है कि नक्सली हिंसा की घटनाओं में बड़ी कमी आई है और नक्सल प्रभावित क्षेत्र का दायरा सिमट रहा है।

मेरी सरकार की विकास नीति को जम्मू कश्मीर के लोगों ने भी भरपूर समर्थन दिया है। कुछ सप्ताह पहले ही,आजादी के बाद पहली बार,जम्मू कश्मीर में जिला परिषद के चुनाव सफलता के साथ संपन्न हुए हैं। बड़ी संख्या में मतदाताओं की भागीदारी नेदर्शाया हैकि जम्मू कश्मीर नए लोकतांत्रिक भविष्य की तरफ तेज़ी से आगे बढ़ चला है। प्रदेश के लोगों को नए अधिकार मिलने से उनका सशक्तीकरण हुआ है । आयुष्मान भारत- सेहत योजना लागू होने के बाद जम्मू कश्मीर के हर परिवार को 5 लाख रुपए तक के मुफ्त इलाज का लाभ मिलना तय हुआ है । जम्मू में सेंट्रल एड्मिनिस्ट्रेटिव ट्रिब्यूनल की एक बेंच भी स्थापित की गई है। केंद्र शासित प्रदेश बनने के बाद,कुछ महीने पहले लद्दाख स्वायत्त पर्वतीय विकास परिषद के चुनाव की प्रक्रिया भी सफलता-पूर्वक सम्पन्न हुई है। अब लद्दाख के लोग स्वयं,अपने प्रदेश के विकास से जुड़े निर्णय और तेज़ी से ले रहे हैं।

माननीय सदस्यगण, इस कोरोनाकाल में हम जब देश के भीतर आपदाओं से निपट रहे थे,तब हमारी सीमा पर भी देश के सामर्थ्य को चुनौती देने के प्रयास किए गए। LAC पर द्विपक्षीय सम्बन्धों और समझौतों को दरकिनार करते हुए शांति भंग करने की कोशिशें हुई। लेकिन हमारे

सुरक्षाबलों ने न केवल पूरी सजगता,शक्ति और हौसले के साथ इन षड्यंत्रों का मुंहतोड़ जवाब दिया, बल्कि सीमा पर यथास्थिति बदलने के सभी प्रयासों को भी नाकाम किया। हमारे जांबाजों ने जिस संयम,शौर्य और पराक्रम का परिचय दिया, उसकी जितनी भी सराहना की जाए, कम है। जून 2020 में हमारे 20 जवानों ने मातृभूमि की रक्षा के लिए गलवान घाटी में अपना सर्वोच्च बलिदान भी दिया। हर देशवासी इन शहीदों का कृतज्ञ है।

मेरी सरकार, देश के हितों की रक्षा के लिए पूरी तरह कटिबद्ध है और सतर्क भी है। LAC पर भारत की संप्रभुता की रक्षा के लिए अतिरिक्त सैन्यबलों की तैनाती भी की गई है।

माननीय सदस्यगण, हमारे स्वाधीनता संग्राम के दौरान देशभक्ति के अमर गीतों की रचना करने वाले मलयालम के श्रेष्ठ कवि वल्लथोल ने कहा है:

भारतम् ऐन्ना पेरू केट्टाल अभिमाना पूरिदम् आगनम् अंतरंगम्।

अर्थात, जब भी आप भारत का नाम सुनें, आपका हृदय गर्व से भर जाना चाहिए।

मेरी सरकार भविष्य के भारत की व्यापक भूमिका को देखते हुए अपनी सैन्य तैयारियों को सशक्त करने में जुटी है। आज अनेक आधुनिक साजो-सामान भारत की सैन्य क्षमता का हिस्सा बन रहे हैं। रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता पर भी सरकार का जोर है। कुछ दिन पहले ही सरकार ने HAL को 83 स्वदेशी लड़ाकू विमान तेजस के निर्माण का ऑर्डर दिया है। इस पर 48 हजार करोड़ रुपए खर्च होंगे। सरकार द्वारा MAKE IN INDIA को बढ़ावा देने के लिएरक्षा से जुड़े 100 से अधिक सामानों के आयात पर रोक लगा दी गई है। इसी तरह सुपरसोनिक टॉरपीडो,क्विक रिएक्शन मिसाइल,टैंक और स्वदेशी रायफलों सहित अनेक अत्याधुनिक हथियार देश में ही बन रहे हैं। आज भारत रक्षा सामान के निर्यात के क्षेत्र में भी तेज़ी से अपनी हिस्सेदारी बढ़ा रहा है।

माननीय सदस्यगण, INDIAN NATIONAL SPACE PROMOTION AND AUTHORISATION CENTRE - 'IN-SPACE' का गठन स्पेस सेक्टर में बड़े सुधारों को गति देगा। आज हमें गर्व है कि ISRO के वैज्ञानिक चंद्रयान-3,गगनयान,और SMALL SATELLITE LAUNCH VEHICLE जैसे महत्वपूर्ण अभियानों पर काम कर रहे हैं। परमाणु ऊर्जा में भी देश तेज़ी से आत्मनिर्भरता की तरफ बढ़ रहा है। कुछ महीने पहले काकरापार में देश के पहले स्वदेशी PRESSURIZED HEAVY WATER REACTOR का सफल परीक्षण किया गया है।

माननीय सदस्यगण, विकास के साथ ही पर्यावरण सुरक्षा भी मेरी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है। इसी संकल्प को लेकर भारत GDP की EMISSIONS

INTENSITY को वर्ष 2005 की तुलना में 2030 तक 33 से 35 प्रतिशत तक कम करने के लक्ष्य् पर काम कर रहा है। पेरिस समझौते को लागू करने में भारत दुनिया के अग्रणी देशों में शामिल है।

हाल ही में, कच्छ के रेगिस्तान में, दुनिया का सबसे बड़ा HYBRID RENEWABLE ENERGY PARK बनाने का काम शुरु हुआ है। पिछले 6 वर्षों में भारत की नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता में ढाई गुना वृद्धि हुई है,जबकि सौर उर्जा क्षमता 13 गुना बढ़ी है। आज देश में कुल ऊर्जा उत्पादन क्षमता का लगभग एक चौथाई हिस्सा नवीकरणीय स्रोतों पर आधारित है।

माननीय सदस्यगण, भारत अपनी वैश्विक जिम्मेदारियों को इस कोरोनाकाल में भी जिस गंभीरता से निभा रहा है उसे आज दुनिया देख रही है। "वसुधैव कुटुम्बकम्" की भावना को चरितार्थ करते हुए भारत ने देश की घरेलू जरूरतों को पूरा करने के साथ ही 150 से अधिक देशों को जरूरी दवाइयों की आपूर्ति की। भारत, वैश्विक स्तर पर वैक्सीन की उपलब्धता को सुनिश्चित करवाने के लिए प्रतिबद्ध है। यह देश का गौरव बढ़ाने वाली बात है कि वंदे भारत मिशन, जो दुनिया में इस प्रकार का सबसे बड़ा अभियान है, उसकी सराहना हो रही है। भारत ने दुनिया के सभी हिस्सों से लगभग 50 लाख भारतीयों को स्वदेश वापस लाने के साथ ही एक लाख से अधिक विदेशी नागरिकों को भी उनके अपने देशों तक पहुंचाया है।

कोविड-19 की बाधाओं के बावजूद,भारत ने सभी साथी देशों से अपने संपर्कों और सम्बन्धों को और मजबूत बनाया है। इस दौरान बड़ी संख्या में शिखर सम्मेलन,बहुपक्षीय कार्यक्रम और आधिकारिक बैठकों के जरिए अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को भारत ने आगे बढ़ाया है। भारत ने ऐतिहासिक वैश्विक समर्थन हासिल करके इस वर्ष आठवीं बार एक अस्थायी सदस्य के रूप में सुरक्षा परिषद में प्रवेश भी किया है। भारत ने 2021 के लिए ब्रिक्स में अध्यक्ष पद भी ग्रहण किया है।

माननीय सदस्यगण, आज जब भारत दुनिया में अपनी नई पहचान के साथ आगे बढ़ने के लिए तत्पर है तो हमें भी उतने ही बड़े संकल्पों को सिद्ध करना होगा। 2021 का यह वर्ष हमारे लिए इसलिए भी अहम है। देश ने कुछ दिन पहले 23 जनवरी को नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जन्म दिवस को 'पराक्रम दिवस' के रूप में मनाया है। यह वर्ष नेताजी की 125 वीं जन्मजयंती का वर्ष भी है। नेताजी की जयंती को बड़े पैमाने पर मनाने के लिए मेरी सरकार ने एक उच्च स्तरीय समिति का गठन किया है। हम सबके पूज्य, गुरु तेगबहादुर का 400वां प्रकाशपर्व भी हम पूरी श्रद्धा के साथ मनाएंगे। इन समारोहों के साथ ही, देश की स्वतंत्रता के 75वें वर्ष के उपलक्ष्य में अमृत महोत्सव का शुभारंभ भी इसी वर्ष हो जाएगा।

माननीय सदस्यगण, विगत वर्ष में,सामूहिकता की जिस शक्ति का हमने साक्षात्कार किया है,उसी शक्ति से हमें नए लक्ष्यों को प्राप्त करना है। पिछले कुछ वर्षों में देश ने अनेक ऐसे काम कर दिखाए हैं जिनको कभी बहुत कठिन माना जाता था।

•आर्टिकल 370 के प्रावधानों के हटने के बाद जम्मू-कश्मीर के लोगों को नए अधिकार मिले हैं।
•नागरिकता संशोधन कानून संसद द्वारा पास किया जा चुका है।
•चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ के पद का लाभ देश को मिलना शुरू हो चुका है।
•सशस्त्र सेनाओं में महिलाओं की भागीदारी बढ़ रही है।
•उच्चतम न्यायालय के फैसले के उपरांत भव्य राम मंदिर का निर्माण शुरू हो चुका है।
•EASE OF DOING BUSINESS की रैंकिंग में भारत ने रिकॉर्ड सुधार किया है। अब COMPLIANCE से जुड़ी बाधाओं को दूर करने पर विशेष बल दिया जा रहा है।
•वर्ल्ड टूरिज्म इंडेक्स की रैंकिंग में भारत 65 वें से 34वीं रैंकिंग पर आ गया है।
•जिस DBT को नजरअंदाज किया जा रहा था, उसी की मदद से पिछले 6 साल में 13 लाख करोड़ रुपए से अधिक धनराशि लाभार्थियों को ट्रांसफर की गई है।
•कभी हमारे यहां सिर्फ 2 मोबाइल फैक्ट्रियां थीं। आज भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा मोबाइल निर्माता देश है।
•आज मध्यम वर्ग के लाखों लोगों को REAL ESTATE REGULATION AND DEVELOPMENT ACT के तहत REAL ESTATE REGULATORY AUTHORITY यानि रेरा का लाभ मिल रहा है।
•इस दौरान सिर्फ नए कानून ही नहीं बने बल्कि 1500 से ज्यादा पुराने और अप्रासंगिक कानूनों को समाप्त किया जा चुका है।

ऐसे अनेक निर्णय हैं,जो लगभग हर क्षेत्र में लिए गए हैं। मेरी सरकार ने दिखाया है कि नीयत साफ हो,इरादे बुलंद हों तो बदलाव लाया जा सकता है। इन वर्षों में मेरी सरकार ने जितने लोगों के जीवन को छुआ है,वह अभूतपूर्व है।

•हर गरीब का घर रौशन हो,इसके लिए ढाई करोड़ से अधिक बिजली कनेक्शन निशुल्क दिए गए।
•गरीब और मध्यम वर्ग का बिजली बिल कम हो, इसके लिए 36 करोड़ से ज्यादा सस्ते LED बल्ब वितरित किए गए।
•दुर्घटना की स्थिति में गरीब परिवार को दर-दर न भटकना पड़े इसके लिए सिर्फ एक रुपए महीना के प्रीमियम पर 21 करोड़ से अधिक गरीबों को प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना से जोड़ा गया।
•गरीब की मृत्यु के बाद उसके परिवार के पास एक संबल रहे,इसलिए सिर्फ 90 पैसा प्रतिदिन के प्रीमियम पर लगभग साढ़े 9 करोड़ लोगों को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना से जोड़ा गया।

•गरीब का शिशु किसी गंभीर बीमारी से ग्रसित न हो इसलिए मेरी सरकार ने न सिर्फ टीकों की संख्या बढ़ाई बल्कि टीकाकरण अभियान को देश के उन आदिवासी इलाकों में भी ले गई जो अब तक अछूते थे।
•मिशन इंद्रधनुष के तहत साढ़े 3 करोड़ से अधिक बच्चों का टीकाकरण किया गया।
•गरीब के हक का राशन कोई दूसरा न छीन ले,इसके लिए शत प्रतिशत राशन कार्ड को डिजिटल किया जा चुका है, 90 प्रतिशत राशन कार्डों को आधार से जोड़ा जा चुका है।
•रसोई के धुएं से गरीब बहन-बेटी की सेहत न खराब हो,इसके लिए उज्व्ाशनला योजना के तहत 8 करोड़ से ज्यादा मुफ्त कनेक्शन दिए गए।
•गरीब बहन-बेटी की गरिमा बढ़े, उनकी परेशानी कम हो, इसके लिए स्वच्छ भारत मिशन के तहत 10 करोड़ से ज्यादा शौचालय बनाए गए।
•घर में काम करने वाले भाई-बहन,गाड़ी चलाने वाले,जूता सिलने वाले,कपड़ा प्रेस करने वाले,खेतिहर मजदूर,ऐसे गरीब साथियों को भी पेंशन मिले,इसके लिए प्रधानमंत्री श्रम योगी मान-धन योजना चलाई गई।
•गरीब को बैंकिंग व्यवस्था का लाभ मिले, इसके लिए 41 करोड़ से अधिक गरीबों के जनधन खाते खोले गए। इनमें से आधे से अधिक खाते हमारी गरीब बहनों और बेटियों के हैं।

माननीय सदस्यगण, ये सिर्फ आंकड़े नहीं हैं। इनमें से हर आंकड़ा,अपने आप में एक जीवनगाथा है। इस संसद के अनेक सदस्यों ने अपने जीवन का बहुत लंबा समय इन्हीं परिस्थितियों में गुजारा है। हमारे जिस कार्य से गरीब भाई-बहनों की चिंता,उनका दुख और तकलीफ कम हो सके,उन्हें अधिक से अधिक मूलभूत सुविधाओं के साथ जोड़कर सशक्तिकरण और आत्मसम्मान के पथ पर आगे बढ़ाया जा सके, ऐसा प्रत्येक कार्य इस संसद में हमारी उपस्थिति को सार्थक बनाएगा।

मुझे गर्व है कि मेरी सरकार पूरी निष्ठा और ईमानदार नीयत के साथ,पिछले 6 वर्षों से इस दिशा में निरंतर काम कर रही है,फैसले ले रही है तथा उन्हें लागू कर रही है।

माननीय सदस्यगण, वीरता,अध्यात्म और प्रतिभाओं की भूमि पश्चिम बंगाल के सपूत,गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर के बड़े भाई ज्योतिरीन्द्रनाथ टैगोर ने देशप्रेम से भरे एक ओजस्वी गीत की रचना की थी। उन्होंने लिखा था:

चॉल रे चॉल शॉबे,भारोत शन्तान,
मातृभूमी कॉरे आह्वान,
बीर-ओ दॉरपे,पौरुष गॉरबे,
शाध रे शाध शॉबे,देशेर कल्यान।

अर्थात मातृभूमि आह्वान कर रही है कि हे भारत की संतानो, सभी मिल-जुलकर चलते रहो। वीरता के स्वाभिमान तथा पौरुष के गर्व के साथ तुम सभी देश के कल्याण की निरंतर कामना करते रहो। आइए,

हम सब मिलकर आगे बढ़ें, सभी देशवासी मिलकर आगे बढ़ें।
अपना कर्तव्य निभाएं और राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान दें,

आइए, भारत को आत्मनिर्भर बनाएं।

आप सभी को बहुत-बहुत शुभकामनाएं।

**जय हिंद !**

Honourable Members, **t**his joint sitting of Parliament which is being held during the time of the Coronavirus pandemic has great significance. It is the beginning of a new year and a new decade. We will also be entering the $75^{th}$ year of India's independence this year. All the Members of Parliament present here today embody the conviction held by every Indian that the toughest of challenges will deter neither us nor India.

Whenever India has remained united, it has been able to attain even seemingly unattainable goals. This solidarity and Pujya Bapu's inspiration had given us freedom from hundreds of years of colonial rule. Echoing the same spirit, Assam Kesari, Ambikagiri Raichaudhuri the nationalist poet, had said –

**"Om tatsat Bharat Mahat, Ek chetonaat, Ek Dhyanot,**

**Ek Sadhonaat, Ek Avegot, Ek Hoi Jaa, Ek Hoi Jaa"**

That is, India's grandeur is the ultimate truth. In one single consciousness, one thought, one devotion, one inspiration, let us unite; let us unite.

This unity and dedication of Indians has enabled the country to overcome multiple adversities. Our country has faced every crisis with fortitude, be it the Coronavirus pandemic, floods, earthquakes or major cyclones in several States, locust attack or the bird flu. The recent past also saw an unprecedented escalation in tension along the border. The nation stood together, battled crises on multiple fronts and surmounted every

challenge. During this period, we all have also witnessed the unparalleled courage, endurance, discipline and spirit of service of our countrymen.

In this fight against the pandemic, we have also suffered the untimely loss of life of a number of our countrymen. Our beloved former President and my predecessor Shri Pranab Mukherjee too passed away during the pandemic. The untimely demise of six Members of Parliament was also due to the coronavirus. I pay my heartfelt tribute to all of them.

Honourable Members, it has been said in our Shastras – "Kritam me dakshine haste jayo me savya aahitah"

That is, if we do our duty, success is assured. During the coronavirus pandemic, which has affected each individual and every country in the world, India has emerged on the global stage with renewed vigor. It gives me satisfaction that due to timely and calibrated decisions taken by my Government, we were able to save lives of lakhs of our countrymen. Today, there is a rapid decline in the number of new cases of coronavirus and at the same time there is a significant increase in the number of recoveries.

Honourable Members**, w**hen we think of the preceding year, we are reminded of the twin challenges that faced us, of saving lives of the citizens and protecting the economy. Besides announcing a record economic package

for reviving the economy, my Government took care to ensure that no poor person went hungry.

Under the **'Pradhan Mantri Garib Kalyan Yojana'**, 80 crore people were provided an additional 5 kg free food grains per month for 8 months. The Government was also mindful of the plight of migrant labourers, workers and those who were away from their homes. Besides providing them with the facility of **'One Nation- One Ration Card'**, the Government made free food grains available and organized**Shramik Special** trains for them.

My Government also launched the**Garib Kalyan Rojgar Abhiyan** in 6 states in order to provide employment to the returnee migrant labourers in their villages, during the pandemic. As a result of this Abhiyan, 50 crore mandays of employment were generated. The Government also launched**SVANidhi** - a special scheme for street vendors and hawkers. Further, an amount of approximately Rs 31,000 crore was directly transferred to the Jan Dhan accounts of poor women. During this period, more than 14 crore gas cylinders were given free of cost throughout the country to poor women beneficiaries, under the**Ujjwala scheme**.

Through all its decisions, my Government has set an unprecedented example of the collective strength of federal structure. The collaboration between the Central and the State Governments has not only strengthened democracy but also enhanced the prestige of the Constitution.

Honourable Members, Acharya Chanakya had said –

**"Trinam laghu trinatoolam tooladapi cha yaachakah**

**Vayuna kim na neetosow mamayam yachayishyati"**

A person who implores or begs is considered to be less valuable than even straw or cotton.

Even the wind that carries away cotton and straw will not take a person who begs, lest he starts demanding something from wind itself. In this way, everyone tries to avoid a beggar.

This implies that in order to enhance our relevance or importance, we must minimise our dependence on others and become self-reliant.

The dream of an empowered and free India, which our freedom fighters had envisioned, was also based on the idea of self-reliance of the country. Under the circumstances that emerged during the coronavirus pandemic, when each country was prioritizing their own requirements, we were reminded of the significance of developing a self-reliant India.

During this period, India has demonstrated its scientific capabilities, technical expertise & strength of its start-up ecosystem by developing a network of over 2200 laboratories in a short time span, manufacturing thousands of ventilators, PPE kits and test kits thereby, attaining self-reliance. It is a matter of immense pride that India is conducting the world's largest vaccination programme. Both the vaccines rolled out under this programme are produced indigenously. By making lakhs of corona vaccine doses available to several countries India has fulfilled its obligation towards humanity in these times of difficulty. The accolades being showered on India globally for this work along with the essence of our age-old cultural tradition of '**Sarve Santu Niramayaha'** and endeavor to work for human welfare is imparting strength to our efforts.

Honourable Members, **t**he gains from the work done by my Government in the healthcare sector in the past 6 years were visible during the coronavirus pandemic. During these years, emphasis has been placed not only on modernizing the healthcare systems but also on prevention of diseases. Programmes such as **Rashtriya Poshan Abhiyaan, Fit India Movement** and **Khelo India Abhiyan** have helped in creating awareness about health within the country.We have also witnessed the beneficial impact of the efforts made by my Government to promote **Ayurveda and Yoga.**

As a result of the efforts of my Government, the poor are now able to avail the benefits of healthcare facilities with ease and their expenditure on treatment of diseases is progressively reducing. Under the **Ayushman Bharat – Pradhan Mantri Jan Arogya Yojana**, 1.5 crore poor people in the country have received free treatment of up to Rs 5 lakh. As a result, the poor have been able to save over Rs 30,000 crore. Today, benefits of Ayushman Bharat Yojana can be availed at more than 24,000 hospitals across the country. Similarly, under the **Pradhan Mantri Bhartiya Janaushadhi Yojana**, the poor are getting medicines at extremely affordable rates from 7000 Jan Aushadhi Kendras across the country. Lakhs of patients are purchasing medicines from these Kendras daily and due to their reasonable prices, are able to save Rs 3600 crore annually.

Honourable Members, in order to develop healthcare facilities across the country commensurate expansion in medical education is equally important. In 2014, there were only 387 medical colleges, but today there are 562 medical colleges in the country. In the last 6 years, there has been an increase of over 50,000 seats at the under-graduate and post graduate levels in medical education. Under the Pradhan Mantri Swasthya Suraksha Yojana, the Government has also sanctioned 22 new AIIMS.

The Central Government has laid the foundation for historic reforms in the field of medical education by establishing the **National Medical Commission** along with 4 Autonomous Boards. The decades' old Medical Council of India has been replaced with the **National Medical Commission** as a part of these reforms.

Honourable Members**,** Atmanirbhar **Bharat Abhiyan** is not just confined to manufacturing in India, but is also a campaign aimed at elevating the standard of living of every Indian as well as boosting the self-confidence of the country.

Our goal of an **Atmanirbhar Bharat** will be further strengthened by self-reliance in agriculture. With this idea, the Government has, over the last 6 years, attempted to bring positive transformation in the **'Seed to Market'**system so that Indian agriculture is modernized and also sees growth. In pursuance of these efforts, my Government decided to implement the recommendations of the **Swaminathan Committee** report and increased the MSP to at least 1.5 times of the cost of production. Today my Government is not only purchasing record quantities at the MSP, but is also increasing the number of procurement centres.

Widespread improvements are being brought in various sources of irrigation. Following the mantra of **'Per Drop More Crop'**, the Government is not only completing the pending irrigation projects, but is also delivering modern irrigation techniques to the farmers. In 2013-14, only 42 lakh hectares of land was under micro-irrigation whereas today, more than 56 lakh hectares of land has been brought under micro-irrigation.

I am happy to say that through their hard work, our farmers are augmenting the efforts of the Government. Today, the food grain availability in the country is at a record high. In 2008-09, the food grain production in the country was 234 million tonnes, whereas in 2019-20, the production has increased to 296 million tonnes. During the same period, the production of fruits and vegetables has also increased from 215 million tonnes to 320 million tonnes. I congratulate the farmers of the country for these achievements.

Honourable Members, in the agricultural sector, the need of the hour is to focus our attention on the small and marginal farmers who own only 1 or 2 hectares of land. More than 80% of the farmers in the country numbering over 10 crore fall under this category.

My Government accords priority to these small and marginal farmers too. In order to provide expenditure support to these farmers, almost Rs 1,13,000 crore have been directly transferred to their bank accounts

under **Pradhan Mantri Kisan Samman Nidhi**. **Pradhan Mantri Fasal Bima Yojana** has also benefitted small farmers of this country. Under this scheme in the last 5 years, about Rs 90,000 crore has been paid as compensation to the farmers against a premium of Rs 17,000 crore.

The mission for setting up 10,000 Farmer Producer Organisations by bringing together small farmers of the country is also an impactful step. This has ensured access of small farmers to better technology, additional credit, post-harvesting processing and marketing facilities and insurance coverage during natural calamities, on the same footing as the rich farmers. This has also provided an alternative to farmers for securing remunerative prices for their produce and generating greater savings.

Honourable Members, **a**fter extensive consultation the Parliament approved 3 important farm reform bills 7 months ago, namely, The Farmers' Produce Trade and Commerce (Promotion and Facilitation) Bill, The Farmers (Empowerment and Protection) Agreement on Price Assurance and Farm Services Bill, and the Essential Commodities (Amendment) Bill**.**The benefits of these three important farm reforms, have started reaching more than 10 crore small farmers instantly. Appreciating the advantages that these reforms would bring to the small farmers, several political parties too had, from time to time, expressed their support. The discussions over these farm reforms in every part

of the country for over 2 decades and the demand for these reforms at different fora were also reflected during the deliberations in the House.

Presently, the Apex Court has stayed the implementation of these laws. My Government respects the decision of the Apex Court and shall abide by it. My Government holds in high esteem the values of democracy and sanctity of the Constitution. It is continuously making efforts to dispel the misunderstanding created in the context of these laws. My Government has always respected freedom of expression and holding of peaceful agitations in a democratic set up. However, the recent acts of dishonouring the National Flag and showing disrespect to the auspicious occasion of the Republic Day are unfortunate.While the Constitution gives us the right to freedom of expression it is also expected that we abide by the laws and rules with equal sincerity.

My Government wants to make it clear that the rights and facilities available under the system prevailing before the enactment of the three new laws are not affected in any way. Rather, through these agricultural reforms, the Government has provided new facilities to the farmers and has empowered them.

Honourable Members, **i**n order to enhance the profitability of agriculture, my Government is also placing emphasis on creating modern agricultural infrastructure.**The Agriculture Infrastructure Fund** for Rs 1,00,000 crore has also been started for this purpose.

The **Kisan Rail**, started throughout the country, is helping chart a new course by increasing the access of Indian farmers to new markets. This rail is like a mobile cold storage. So far, over 100 **Kisan Rails** have been started which have enabled the farmers to transport over 38,000 tonnes of food grains and fruits & vegetables from one region to the other.

Honourable Members, **i**n order to increase the income of farmers, my Government has also focused on development of livestock as a source of income. As a result, the livestock of the country has been increasing at an annual rate of 8.2 % over the last 5 years. The Government has also set up the **Animal Husbandry Infrastructure Development Fund** for Rs 15,000 crore for creating basic infrastructure and encouraging investment in dairy sector.

My Government has also extended the facility of **Kisan Credit Cards** to animal husbandry and fishery sectors. Efforts have been undertaken to increase the income of fishermen through the **Pradhan Mantri Matsya Sampada Yojana**. In this sector, an investment of about Rs 20,000 crore has been planned over the next 5 years.

In order to increase the income of the farmers, the Government has also launched a campaign to turn the '**Annadata'** into **'Urjadata'**. 20 lakh solar pumps are being provided to farmers under the **Pradhan Mantri Kusum Yojana**. Government is also encouraging production of ethanol from sugarcane, maize and paddy. Due to the affirmative policies of the Government, over the past 6 years, the annual ethanol production has increased from 38 crore litres to 190 crore litres. The production is expected to reach 320 crore litres this year. Ethanol is emerging as a major source for augmenting the income of farmers.

Honourable Members, Pujya Bapu had envisioned the development of self-reliant **'Adarsh Gram'.**Carrying this idea forward, my Government has been working relentlessly for multi-faceted development of villages. Raising the standard of living of the villagers is a priority for my Government. This is best exemplified by the 2 crore houses built since 2014 for the poor families living in villages. The implementation of **Pradhan Mantri Awas Yojana** has also been expedited to ensure a pucca roof for every poor person by 2022.

Under the **SVAMITVA scheme** launched by my Government, villagers are now acquiring legal rights over their property.With ownership rights, the villagers can now easily avail bank loans and housing loans against the collateral of their properties and economic activities are expected to gain

momentum in the rural areas. Small entrepreneurs, people associated with cottage industries and small farmers would be especially benefitted under the scheme.

Honourable Members, Baba Saheb Ambedkar was not only the principal architect of the Indian Constitution but also guided the development of the country's Water Policy. On 8th November 1945, during a conference in Cuttack, he had said – **"Water is Wealth. Water being the wealth of the people and its distribution being uncertain, the correct approach is not to complain against nature but to conserve water"**.

Drawing inspiration from Baba Saheb, my Government is working on the ambitious scheme of **'Jal Jeevan Mission'**. Besides delivering water to every household **(Har Ghar Jal)**, work on water conservation is also progressing at a rapid pace. I am happy to say that under this scheme, 3 crore families have been connected with piped water supply so far. Under this scheme, water connection is being provided on priority to brothers and sisters belonging to the Scheduled Castes & Scheduled Tribes as well as other deprived sections of the society.

Honourable Members, **k**eeping in mind the requirements of the 21st century and with a view to improving the connectivity of our villages, my Government has made commendable progress in expanding the network of

rural roads. Under the **Pradhan Mantri Gram Sadak Yojana**, construction of 6.42 lakh km of road network has been completed in rural areas of the country. In the third phase of this scheme, 1.25 lakh km roads connecting the settlements, schools, markets and hospitals in rural areas will also be upgraded. Along with roads, internet connectivity is equally important in the rural areas. After ensuring electrification of every village, my Government is implementing a mission to connect over 6 lakh villages of the country through optical fibre.

Honourable Members, **o**ur small scale industries, cottage industries and MSMEs spread across the villages and small towns are the backbone of our economy. These small scale industries have immense potential of making India self-reliant. This sector accounts for about 50% of India's total exports. Several steps have been taken to enhance the role of MSMEs in the mission aimed at developing an Atmanirbhar Bharat.

Development of small and cottage industries has received the requisite impetus through measures like modification in the definition of MSMEs, increase in the investment limit or priority in government procurement. Initiatives such as **Emergency Credit Guarantee Scheme** for Rs 3,00,000 crore, special scheme of Rs 20,000 crore for MSMEs in distress and **Fund of Funds** have benefitted lakhs of small scale industries. Besides ushering in

greater transparency, the GeM portal has facilitated increased participation of the MSMEs even in far flung and remote areas in Government procurement.

It is a constant endeavour of my Government to ensure that benefits of entrepreneurship are availed by every section in the country. Under schemes like **Hunar Haat** and **USTTAD**, not only the skills of lakhs of crafts persons are being developed but employment opportunities are also being generated. Under these schemes, women crafts persons comprise more than half of the beneficiaries. These crafts persons are being connected to the global market through **e-haat**.

Women entrepreneurs have a vital role to play in building a self-reliant India. My Government has taken several steps to provide new opportunities for self-employment to women. Under the **MUDRA** scheme, more than 25 crore loans have been sanctioned so far, of which nearly 70% have been given to women entrepreneurs.

Under **Deendayal Antyodaya Yojana - Rashtriya Grameen Ajeevika Mission**, more than 7 crore women entrepreneurs have become a part of the network of nearly 66 lakh Self Help Groups in the country. These women groups have been provided bank loans worth Rs 3,40,000 crore in the last 6 years.

Keeping in mind the health concerns of working women in rural areas of the country, the Government is implementing the ‘Suvidha’ scheme under which sanitary napkins are made available at a nominal cost of Re 1. My Government is relentlessly working towards protecting the health of infants and pregnant women through various initiatives like **Rashtriya Poshan Abhiyaan**, free check-ups and financial assistance to pregnant women. As a result of this, the Maternal Mortality Rate has declined from 130 per lakh in 2014 to 113. The Under 5 Child Mortality Rate has also reduced to 36 for the first time, which is less than the world average rate of 39.

As my Government considers it important to ensure equal participation by women, it is providing new opportunities for our sisters and daughters in various fields. My Government has taken several decisions in this direction, such as appointing women in the Fighter stream of the Indian Air Force and the Military Police for the first time, as well as allowing women to work in underground and open cast mines during the night shift. Keeping in mind the safety of the women, work on several initiatives such as setting up **One Stop Centres, National Database of criminals, Emergency Response Support System** and **Fast Track Courts** across the country is progressing at a rapid pace.

Honourable Members, keeping in mind the global requirements and challenges of the 21st century, the Government has announced the**National Education Policy**. For the first time students have been given the freedom to opt for the subjects of their choice under the National Education Policy. Students have also been provided the option of changing their subjects or streams in the middle of a course.

Under the **Pradhan Mantri e-Vidya**, my Government has developed the **Diksha** online portal as **One Nation, One Digital Platform** for school education. Ever sensitive towards safeguarding the interests of the students, my Government has also successfully conducted the JEE and NEET examinations in order to prevent the loss of an academic year.

